धड़कनो में बसा है श्याम मेरा

सुबह शाम जपूँ मैं बाबा नाम तेरा
मेरी धड़कनो में बसा है श्याम मेरा
मैं और कुछ ना जानूं तू मेरा मैं हूँ तेरा

डर नहीं मुझे कोई तू जो मेरे साथ है
डोर ये जीवन की तेरे ही हाथ है
मुझको तेरा सहारा है जीवन तुझपे वारा है
जबसे तुमको जाना है मैंने अपना माना है
मैं और कुछ ना जाऊं तू मेरा मैं हूँ तेरा

दुःख हो या सुख मुझे होंठों पे तेरा नाम रहे
चिंता हो या चिंतन हो चरणों में तेरे ध्यान रहे
तू ही मेरा दर्पण है ये जीवन तुझपे अर्पण है
हर मुश्कि से टाला है गिरने से पहले संभाला है
मैं और कुछ ना जाऊं तू मेरा मैं हूँ तेरा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15040/title/dhadkano-me-bsa-hai-shyam-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |